If the stray electrons are made to flow in a wire, it constitutes an electric current which can be put to myriad uses. If the rain water is collected at a high altitude place, a dam can be built. The potential energy of the water in the dam can be converted into electric power by a turbine and electricity produced will light our homes and factories.

We waste many hours in idle gossip and small talk which if saved can be utilized for some productive activity. The history is replete with examples where the spare moments were used in creating a beautiful poem or making a useful invention. The famous poem "Psalm of Life" was written by Henry Wadsworth Longfellow while preparing tea. An American president used to carry a book in his pocket which he will read while the meals are being served. Thus never underestimate the power and potential of small hours in creating worthwhile contribution, since many a little makes a mickle.

394. Sector 38A, Chandigarh-160014

Prof. S. P. Puri, a renowned academician, ex U.G.C. Emeritus Fellow, was Professor and Chairman, Department of Physics, Panjab University, Chandigarh.. He had uninterrupted university positions throughout his academic career. He was one of the earliest in the country to establish the studies of Nuclear Gamma-Ray Resonance (Mössbauer Effect) in Roorkee (U.P.) in 1963

******

प्रकाश औषधालय

थोक व परचून विक्रेता हमदर्द, डाबर, वैद्यनाथ, गुरूकुल, कांगडी,
कामधेनु जल व अन्य आर्युवैदिक व युनानी दवाईयाँ

Wholesaler & Retailer of :
HAMDARD, DABUR, BAIDHYANATH,
GURUKUL KANGRI, KAMDHENU JAL
& All kinds of Ayurvedic & Unani Medicines
Booth No. 65, Sec. 20-D, Chandigarh
Tel.: 0172-2708497

अपमान

अशोक कुमार

विधि नहीं अपमान किसी को शरणागत करने की,
सरल-स्वभाव, सहजता-सजगता, वाणी से होता है आदर निर्माण,
चुनौती समझ शपथ ली जिसने, वही उड़े आसमान ।

द्रोपती को भरी सभा में वस्त्रहीन करने का प्रयास, एकलव्य को विश्व का सर्वश्रैष्ट धनुर्धर बनने से रोकना, करण (राधे) की जन्म घटना को छिपाना, सुक्रात को अधिक बुद्धिमत्ता-ज्ञान हेतु जहर पीना पड़ा, विभीषण को लंका से निस्कासित करना, या धार्मिक आस्थाओं से जुड़े मुद्दों, सामग्री पर आक्रमण और खण्डित करना, मंगल पाण्डे का विद्रोह जो धर्म भ्रष्ट होने कारण हुआ, शिवाजी को जातीय आधार हेतु राजकीय प्रोहितों द्वारा राज्यभिषेक न करना, कन्याओं का जन्म प्रतिष्ठा पर आहत समझना आदि ये सब घटनाऐं अपमान की पुष्टि करती है। कभी कभी निर्धनता को अपमान रूप में भी लिया जाता है।

अब अध्ययन करें कि अपमान है क्या? मान क्या है? तो ये कहना असत्य नहीं होगा कि मान-अपमान एक ही सिक्के के दो पहलू है। मान-आदर से व्यक्ति का रूतवा बढ़ता है, व्यक्तित्व सुमन समान हो जाता है, जो सदैव देव के चरणों में रहता है। अपमान-निरादर से लज्जित होना पड़ता है, अपमान सदा शूल होता है, जो एक अंगारे के समान हृदय में किसी कोने में सुलगता रहता है। अपमान एक ऐसी मनौविज्ञानिक धारणा है, कभी अस्थाई होती है, कभी जीवन लेवा बन जाती है, अपमान के बारे थोड़ा ओर विचार करें तो कह सकते हैं कि जब किसी को उसकी योग्यता, समर्था, क्षमता अनुसार मान -समान से वंचित रखा जाये या कोई स्वंय का उच्च मूल्यांकन करना हो तो अपमान क्रिया आरम्भ हो जाती है। सरल भाषा में अपमान का अर्थ है किसी को समाज में नीचा दिखाना, दिये तर्कों को काटना, आयु-अनुभव संबंधों की गरीमा न रखना, छल-कपट से कुछ हथियाना, किसी की मूल्यवान आहुति का अनादर करना। और विस्तार से जानें जैसे कि बच्चे पारिवारिक, माता-पिता नियमों की अवहेलना करें तो अपमान आरंभ हो जाता है। कभी कभी भरोसा भ्रम बन जाये, आश्वासन मिट जाये, सेवक-सेविकी भूल जाये या अनादर शब्दावली प्रयोग होने लगे तो वह भी अपमान है।

कुछ का कहना है कि दूसरों को दुखःदर्द दे कर स्वयं सुख आनंद मानना, किसी के स्वाभीमान को आहत करना, कभी-कभी अपूर्ण स्नेह-प्यार न मिलना, उस क्षतिपूर्ति अधीन किसी का अपमान करना। इसके अतिरिक्त अपने प्रतिरोध हेतु किसी को झूटा, लज्जित करना भी अपमान है। कुल मिलाकर अपमान, गंभीरता, तनाव, प्रदानता क्रिया है। वैसे तो हर पंथ, धर्म समाज में अपनी निश्चित नियम है जिनकी अवहेलना करने पर दंड सुनिश्चित है। इस प्रकार अपमान एक दंड पद्वति है। आवश्यक नहीं अपमानित करने वाला शारीरिक चोट करे। अपमान में एक ऐसा आघात करना होता है, लाठी भी रह जाये और सांप भी मर जाये अर्थात हृदय में घाव हो जाये मस्तिष्क में सुनामी आ जाये। अपमानित प्रतिक्रिया श्रेष्ट व्यवहार, प्रतिष्ठता न मिलने की स्थिति भी है जिससे भावनाओं को चोट करना और संवेदनात्मिक प्राक्रम आरम्भ हो, भेद-भाव करना, गोपनियता वास्तविकता को बेपर्दा करना। कभी-कभी किसी की उन्नति, प्रगति, स्मृद्धि से विकार उत्पन्न होना और उसी का दुर्जन संदेश प्रसार करना। इस प्रकार अपमान, क्रोध-द्वैष-स्वार्थ का मंथन है और आँखों से विषरूपि वर्षा करना है। जिस व्यक्ति में अपमान-रूपि अवगुण लग जाये उसकी स्थिति एक भूखे व्यक्ति समान होती है और वह किसी को अपमानित किये बगैर उसकी भूख मिटती नहीं, तृपति मिलती नहीं। अपमान के कई अन्य रूप हैं जैसे षड़यंत्र रचना, चुगली करना, अफवाहें फैलाना, सहचार्या न रखना, सीधे मुंह उत्तर न देना, त्रुटियां निकालना, किसी की तुलना ढौर या ऐसे ऐतिहासिक पात्र से तुलना करना जो इतिहास में अप्रशंसनीय रहा हो या किसी को भंगी कहना। अपमान बदले की भावना का रूप है, अपनी बुद्धि, ज्ञानता, अनुभव की बहुमूल्यता का व्याख्यान है, जब अपनी सत्ता सामार्थ्य टूटती नजर आये तो उसकी सुरक्षा के लिए अपमान बाणों को छोड़ा जाता है। अपमान उपहास व्यंग्य रूप, गीत कविता के रूप में भी किया जाता है। अपमान शान्ती संदेश

नहीं है, अपमान करने वाले भीतर से अप्रसन्न होता है। जब अभिमान युवा हो जाता है तो केवल 'स्वयं' ही नजर आता है, शेष व्यर्थ लगता है। जब चींटी समान पर लग जाते हैं तो चींटी का परिणाम हर कोई जाता है। अपमान संकेतिक, शब्दायिक, लिखित भी होता है। किसी के शरीर पर अनैतिकता रूपी शब्द लिखना, अप्राकृतिक क्रिया या अश्लील चल चित्र बनाना। अपमान के कुछ नये रूप समाज में उभर रहे हैं जैसे किसी नेता की सभा में हल्ला-गुल्ला करना, स्टैज छोड़ने को आग्रह करना, नेताओं पर जूता फैंकना, कभी कभी किसी की परफोरमेंस उपरान्त ताड़ीयाँ न मारना इत्यादि। ऐसे करने से बुद्धि जीवियों की विचारधाराओं को तोड़ना, उन्हें परेशानी में डालना, उनको आलोचना के आवरण से ढकना आदि भी अपमान है।

मेरा मानना है कि वर्तमान में अपमानिता एक रोग है जब अपनी अवैगपूर्ण इच्छाओं की पूर्ति, सामाजिक प्रतिबंधों, जीवन समस्याओं के कारण पूर्ण होती न दिखे तो अपमान क्रिया आरंभ हो जाती है। जब वैभव, गौरव, संतुष्टि ना मिले तो भी किसी का अपमान करना प्रभावशाली लगता है। यदि कोई हमराज न रहे तो भी यह सकर्मक रोग लग जाता है। अपमान किसी को पाठ सिखाने के लिए बैसाखी का काम भी करता है। पर कभी कभी अपमान वरदान बन जाता है जैसे-कालीदास को विद्योत्तमा की फटकार ने शकुंतला और मेघदूत की रचना करने योग्य कर दिया। अंत में किसी की प्रतिभा, मनोबल वृद्धि हेतु भी किया जाता है।

अपमान का विश्लेषण करें तो अपमान कभी दण्ड बनें, कभी दंभ बने कभी किसी का दमन करे या दुष्टता उत्पन्न करे। इस प्रकार अपमान एक योग क्रिया, एक पाठ्य-प्रणाली, एक शक्ति, कुछ करने के लिए सोच परिवर्तित निर्देषात्मक, विश्वास सुदृढ़ता औषधि है, गेहन करे तो भीतरता को सक्षमशाली बनाने का योग है कुछ लोग अपमान को सीढ़ी बनाकर उपर उठना चाहते हैं अक्सर समतल से वो दुर्बल होते हैं। अपमान कुछ लोगों के स्वभाव का अटूट अंग बन जाता है। किसी को दंड देते हैं तो अपमानित भाषा, उपदेश देते हैं तो अपमानित भाषा, प्रसंशा करते हैं तो अपमानित भाषा, प्रेरणा, परितोषक, प्रतिष्ठता देते हैं तो अपमानित भाषा का प्रयोग करते हैं। ऐसे लोग दूसरों को भड़काते हैं, उकसाते हैं, उत्तेजित करते हैं। हो सकता है वह निरादर भावना रहित हों पर दूसरों को वह नाकारात्मक लगते हैं, ऐसे लोग सामाजिक तौर पर समृद्ध, प्रतिष्ठता पात्र नहीं होते। ओशो कहता है कि एक बहुत गहरा नियम है कि हम दूसरों को वही देते हैं जो हमारे पास है इससे यह स्पष्ट है कि ऐसे लोगों में अपमान भरा पड़ा है जो वह वितर्ण करते हैं अर्थात अपमानित कर्ता हिंसा तत्व है, स्वस्थ्य नहीं है और स्वयं को ही अपमानित कर रहा है।

मनुष्य को विपत्तीयों, विशमताओं का मुँह तोड़ जवाब देना सीखना होगा, असफलताओं से पाठ लेना होगा, आदर उन्हीं का होता है जो निषकाम कर्म करते हैं, दूसरों के लिए सर्वसब खो देते हैं, मान प्राप्ति के लिए धैर्य, त्याग, साहस, पुरूषार्थ, परिश्रम सत्य के मार्ग पर चलना होगा, अपनी क्षमता को केन्द्रित करना होगा, योग्यता को आभूषित करना होगा, भीतरता से चैष्टा करनी होगी, संदेह भगाना होगा। कृतार्थगुण उत्पन्न करना होगा। जो किसी को अपमान से दंडित करता है वह भीतर से विचलित होते हैं। आपको सोचना होगा, क्या मान, आदर आपकी ही सम्पदा है, क्या उसके लिए आप ही उपयुक्त, योग्य है, विवेकानंद अनुसार हर एक को अपने सम्मुख एक साध्य रखना चाहिए। उसकी धुन हो, लगन हो, तभी सफलता मिलती है, इसीलिए अपनी पहचान बनाओ। कुविचारों का त्याग करो। अपमान तो केवल अधर्म, अन्याय, अज्ञानता, प्रलोभन, स्वार्थ और जाति मतभेद का करो। अपमान करना अध्यात्मिक गुनाह एक विष पैदा करना है और विष का परिणाम मृत्यु है। अपमान योजना आधारित होता है जिससे व्यक्तिगत संतूलन बिगड़ता है, अनाचार उपजता है, स्वयं की ही क्षति अंकूरित होती है, सत्य का आभाव होता है, स्वयं को अपाहिज करता है, फिर आत्मा रोती है, लोकप्रियता समाप्त हो जाती है। जब अभिमान युवा हो जाता है तो स्वयं का ही सर्वनाश हो जाता है।

उप-आबकारी और कर कमीशनर, सेवा निवृतब्द्ध, पंजाब।

Lighter Moments

One day Banta, who was working as an aero plane cleaner was cleaning the pilots' cockpit when he saw a book entitled 'How to fly an aero plane for beginners.' Volume---I. He opened the first page which said, "To start the engine, press the red button.". He did so and the airplane engine started. He was happy and opened the next page. "To set airplane moving, press the blue button." He did so and the aero plane started moving at an amazing speed. He wanted to fly so he opened the third page which read, "To let the aero plane fly, please press the green button." He did this and the plane started to fly. He was excited!!!!!! After 20 minutes of flying, he was satisfied and wanted to land so he decided to go to the fourth page.

He fainted after reading the instructions……. 'The fourth page read, "To learn how to land, please purchase Volume ---II at the nearest bookshop!!!!

अवतारवाद, भगवान एवं ब्रह्मा–विष्णु–महेश

दीनदयाल बिष्ट,

पूर्व वैदिक काल में अवतार की श्रृखला नहीं मिलती। कालान्तर में हिन्दु धर्म में महाकाव्य एवं पौराणिक युग में अवतारवाद की अवधारणा विकसित हुई

अवतार – ''एक मानव 'शरीर में देवत्व अपने आपको छिपा लेता है और उसी के माध्यम से उसकी महिमा प्रकट होती है।'' एनी बेसेंट। हम सब अपने भीतर दैवीय शक्ति लेकर जन्में हैं, हम सब के भीतर ईश्वर का तेज छिपा है। कलाम जिस किसी महामानव ने fo'k"k परिस्थितियों के फल स्वरूप लोकोत्तर प्रतिभा और शक्ति प्राप्त कर ली और उसका प्रयोग मानव जाति के कल्याण के लिये किया, तो उसे सर्वसाधारण ''भगवान'' मानकर पूजने लगा। राम; कृ"ण, हनुमान आदि की पूजा इसी भाव से की जाती है। भग का अर्थ है; ऐश्वर्य, और भगवान का अर्थ हुआ,सभी प्रकार के ऐश्वर्य से सम्पन्न व्यक्ति। इसीलिये देश–देशान्तरों में अनेक महापुरुशों की विभिन्न विधियों से पूजा–अर्चना की जाती है। उनका आभार व्यक्त करने और अपने में उनके सद्गुणों का आधान करने के लिये। आपने अक्सर असहाय और विपत्ति में फंसे लोगों को कहते सुना होगा ''आप तो मेरे भगवान हैं''। इसी प्रकार अनेक बार ''देवता'' शब्द का प्रयोग किया जाता है। ''यः स्तूयते स देवः'' जिसकी सब मनु"य प्रशंसा करते है और जो सदविचार; ज्ञान आदि देने की क्षमता रखता है। अनेक बार पेड़–पौधे; गाय आदि प्राणियों और यहां तक कि सूर्य; चन्द्र; नदी आदि जड. पदार्थों को देवता की संज्ञा दी जाती है; क्योंकि वे जीवन उपयोगी पदार्थ देने की क्षमता रखते हैं।; उनकी रक्षा हेतु जल आदि चढ़ाया जाता है और आदर भाव प्रकट करने के लिये अनेक बार भावावेश में हाथ भी जोडे जाते है। आम शब्द है; अमुख व्यक्ति तो ''देवता'' है इत्यादि।

वर्तमान वैज्ञानिक युग में जब कि विद्यालयों में प्रारम्भ से ही विज्ञान की शिक्षा दी जा रही है और आधे से अधिक विद्यार्थी विभिन्न शाखाओं में विज्ञान का अध्ययन कर स्नातक बन रहे हैं; इसके बाद भी समाज में वैज्ञानिक सोच नहीं पनप पा रही है, अधिकांश जनता अंन्धविश्वास से धिरी हुई है, और भूत–प्रेत; जादू टोना टोटकों में फंसी है। यह बात समझ से परे है। मित्र मण्ड़ली में वार्तालाप के दौरान मेरा कथन होता है; कि यदि घोड़े के नाल की अंगूठी पहनने से किस्मत बदलती है और आपके नाम के आंग्लभा"ाा के पहले अक्षर के आधार पर भवि"य वाणी की जा सकती है; तो लाल चटनी के साथ समोसा खाने से भी किस्मत को बदला जा सकता सकता है। वास्तव में कुछ व्यक्तियो में बुद्धिमत्ता के साथ नैसर्गिक काल्पनिक प्रतिभा होती है और वे अपने व्यावसयिक गुण के कारण परेशान और मजबूर लोगों के समूह को भ्रमित या संमोहित कर अपना उल्लू सीधा करते हैं। आपने कभी ध्यान से देखा है, वे आपसे ही पूछकर आपकी समस्या बता देते हैं। आपने कभी ध्यान से उनके चेहरे के हाव–भाव देखे हैं, उनके चेहरे पर स्वाभिमान पूर्ण प्रसान्नता का भाव होता है; ये मजबूर लोग कैंसे बिना बनाये अपने आप बेवकूफ बन रहे हैं और धन की लालसा से उल्टा मेरा ही भण्ड़ार भर रहे हैं। हमारे देश में कुछ चालाक लोग अपनी स्वार्थ सिद्धि और आजीविका चलाने के लिये धर्म के नाम पर व्यापक रूप से अन्धविश्वास फैलाने में लगे हैं। ऐसे ही लोग आर्यसमाज का तीब्र विरोध करते है। उन्हें अपनी रोजी–रोटी पर खतरा नजर आने लगता है।

प्रसंगवश बहुश्रुत, ब्रह्मा; वि"णु; महेश पर विचार

विमर्श संगत होगा। आधुनिक वैज्ञानिकों की तरह प्राचीन वैज्ञानिकों (ऋषि–मुनि) ने भी पूर्वकाल में सृष्टि को समझने का प्रयत्न किया। यह सृष्टि कैसे बनी, इसका संचालन किन शक्तियों द्वारा हो रहा है और ये शक्तियॉ किन नियम और सिद्धन्तों के तहत कार्य करती हैं? संम्भवतः वे इस निष्कर्श पर पहुचे; कि इन क्रिया–कलापों को समझने के लिये इन्हें तीन श्रेणियों में विभक्त किया जाना उपयुक्त होगा। अपने विचारों को मूर्त रूप देने के लिये उन्होंने तीन सार्थक शब्दों का प्रयोग किया। ब्रह्मा; विश्णु और महेश।

ब्रह्मा– अव्यक्त से व्यक्त अर्थात् दृश्यमान सम्पूर्ण सृष्टि का निर्माता। विष्णु– पालक और विश्व–सृष्टि नियंत्रक। वर्तमान में हमें ज्ञात है; कि सम्पूर्ण सृष्टि विशुद्ध शक्ति (Energy) रूप है; और पदार्थ शक्ति के घनीभूत रूप हैं। चरक संहिता,शारीर 1.67 – ''अव्यक्तात् व्यक्तताम् याति व्यक्तात् अव्यक्ताताम् पुनः। रजः तमोभ्याम् आविश्टः चक्रवत् परिवर्तते । अर्थात् यह सृष्टि अप्रकट से दृश्यमान रूप में आई और पुनः प्रलयकाल में अव्यक्त अर्थात् अदृश्य स्थिति में पहुंच जाती है। इस प्रकार रज;और तम गुणों के आधीन सृष्टि का परिवर्तन चक्र निरन्तर चलता रहता है। इसी तरह ''अव्यक्तात व्यक्तयः सर्वाः प्रभवन्ति निरागमे। रात्रागमे प्रलीयन्ते तत्र एवं अव्यक्त संज्ञके।। गीता–8.18। तथा – सर्वभूतानाम् कारणम् अकारणम् सत्व रजः तमः लक्षणम्––– इत्यादि – सुश्रुत संहिता; शारीर–1.3। सम्भवतः सत्व; रज; तम क्रमशः प्रोट्रोन; इलेक्ट्रॉन और न्यूट्रॉन कण हैं। अतः ब्रह्म से ही सम्पूर्ण दृश्यमान जगत का निर्माण हुआ। ब्रह्मा की अर्धांगनी गायत्री–मां, जो हमें ''धियो यो नः प्रचोदयात्''द्वारा सद्बुद्धि की प्रेरणा देकर अपने मातृधर्म को निभाती है। पुत्री– वीणावदिनी ''सरस्वति'' हमें सभी कलाओं में प्रवीण होने को प्रेरित करती है। संभवतः आपने सुना होगा ''अमुख ब्राह्माण ब्रह्मविद्या को जानता है'' अर्थात् वह सृष्टि की शक्ति और संचालन सिद्धातों का ज्ञाता है।

विष्णु – निर्मित जगत का पालनहार। उनकी सहधर्मिणी सेवारत लक्ष्मी है; जो सेवा भाव और श्रम की द्योतक है। लक्ष्मी इस बात की ओर भी इंगित करती है; कि जीवन–यापन के लिये धन–सम्पत्ति का कितना महत्व है। भगवान श्री कृष्ण को विश्णु का अवतार माना जाता है; जो गीता के द्वारा अजेय सफल जीवन जीने की कला बताते हैं। जीवन में आमोद–प्रमोद के महत्व को भी उनके कार्यकलापों से समझा जा सकता है, हलांकि वर्तमान में सामाजिक जीवन स्तर में गिरावट के कारण ; इसका निम्न स्तर दृष्टिगोचर होता है। हमें इस तथ्य को समझना चाहिये; कि ईश्वर हमें सद्बुद्धि; प्रेरणा और आत्मिक शक्ति दे सकता, परन्तु लाख नाक रगड़ने पर भी हमारा काम नहीं करेगा। जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिये हमें बुद्धि पूर्वक सही ढंग से कठोर परिश्रम करना होगा। आम कहावत है ''परिश्रम भाग्य की कुंजी है।

महेश – सबसे बड़े महान देवता; समस्त सृश्टि के न्यायाधीश। जो अनुचित; समाज और देश विरुद्ध कार्य करने वालों को दण्ड़ दे कर उनका सुधार करते हैं अतः उन्हें ''शिव'' भी कहा जाता है। आपने ''ताण्डव नृत्य'' शब्द सुना होगा। वर्तमान में हमारे देश और कमोवेश समस्त भूमण्डल पर क्या हो रहा है? विज्ञान और तकनीकी प्रभुता हासिल करने के नाम पर; हमारे उपभोक्तावादी लालच ने पृथ्वी तो क्या समुद्र और आकाश तक को खाने से नहीं छोड़ा है। केदारनाथ और वर्तमान में काश्मीर की भयावह त्रासदी क्या है? क्या हमने कभी इस पर चिन्तन किया है? खैर; सोचिये; आदमी के लालच की कोई सीमा नही है। समय रहते हमें इस तथ्य को समझना होगा; कि पर्यावरण को नश्ट कर हम बचे नहीं रह सकते। पर्यावरण अभिन्न रूप से हमारे जीवन से जुड़ा है। इसका विनाश मानव जाति का विनाश है और इसका जीवन ही हमारा जीवन है।

हमारे एक अन्य भगवान हैं, शिव जी के सुपुत्र गजानन गणपति सर्वविघ्नहर्ता भगवान गणेश जी। हमें ज्ञात है कि वर्तमान समय में चिकित्साशास्त्र की अभूतपूर्व उन्नति के बावजूद आदमी के धड़पर जानवर का सिर लगाना किसी भी हालत में सम्भव नहीं है। यह केवल मात्र प्रतीकात्मक है। वास्तव में यह इस बात का द्योतक है; कि इतने बड़े आकार और श्शक्तिशाली होते हुये भी हाथी कितने शान्त और सौम्य स्वभाव का प्राणी है। वह विशुद्ध श्शाकाहारी है; अपने परिवार के प्रति असीम स्नेह रखता है। उसकी सामाजिक व्यवस्था;नेतृत्व और संगठन इन्सान से कहीं बेहतर है। आपने सम्भवतया दूरदर्शन पर उन्हें अपने मृत पूर्वजों के अवशेशों को टटोल कर स्नेह व्यक्त करते देखा होगा। वह असीम शक्ति और सामर्थ्य का स्वामी है; उसके मुकाबले इन्सान कहीं पर भी नहीं टिकता; वह आदमी से ज्यादा विश्वास पात्र और कुत्ते से ज्यादा स्वामिभक्त है। हाथी का सिर इसी बात का प्रतीक है; हमें अपने मस्तिश्क से कैसे काम लेना चाहिये। आपको सम्भवतः कथानक स्मरण होगा; जब उन्होंने माता–पिता की परिक्रमा कर; अपने वाहन मूशक से पृथ्वी की परिक्रमा की थी। शिव जी के दूसरे पुत्र कार्तिकेय हैं; जो देवता सेना के सेनापति हैं; दुश्टों के संहारक और उनकी शक्तिरुपा भगवती काली मॉ राक्षसों का वध कर समाज में स्वच्छता का कार्य करती हैं। पर्वत पुत्री पार्वती उनकी सहधर्मिणी हैं; जो वर्तमान में टूटते पारिवारिक सम्बन्धों के लिये मार्ग–दर्शक हैं।

हम इसी सृष्टि के उत्पाद हैं; अतः हमारे में भी इन शक्तियों का समावेश है। ब्रह्मा के रूप में हम सन्तति उत्पन्न करते हैं। विश्णु की तरह उनका पालन–पोशण करते हैं और

अच्छा हो आर्य समाज हवन से उपर उठे

अभी हाल में दो ऐसी घटनायें घटी है जो कि आज से 70 साल पहले वाले समय में होती तो आर्य समाज के लोग सड़को पर होते।

पहला ––हिमाचल प्रदेश में पशुओं की बली पर कोर्ट का प्रतिवन्ध लगने के बावजूद कुल्लू के आसपास के मन्दिरों के महन्त देव इस प्रतिबन्ध का विरोध कर रहे हैं। आर्य समाज का यह कर्तव्य बनता है कि उन महन्तो के सामने निडर होकर अपनी आवाज उठाये। कुल्लू, मण्डी, सुन्दर नगर में आर्य समाजें हैं। वे ऐकत्रित होकर कोर्ट के प्रतिवन्ध के समर्थन में एक यात्रा निकालें। तभी लोगों को पता लगेगा आर्य समाज कोई चीज है। सुन्दर नगर के एक महात्मा दूर दूर जाकर तो उत्सवों में उपदेश देते हैं और कथांऐ करते है। वहां क्यों नहीं कुछ कर रहे? कहीं बिना दक्षिणा के भी कुछ करना चाहिये और चिराग तले अन्धेरा नहीं होना चाहिये।

दूसरा––अभी हाल में, बिहार के मुख्यमन्त्री जितिन राम मांजिह मधुबनी शहर के एक मन्दिर में जब दर्शन याचना करके बापिस आये जो मन्दिर के प्रबन्धकों ने मन्दिर में रखी मूर्तीयों को और मन्दिर स्थल को इस लिये धोया क्योंकि श्री मांजिह महाशुद्र जाति के हैं। यह बहुत शर्म की बात है। स्वामी श्रद्धानन्द, महा"k; d".k] egkRek vkuun Lokeh ने तो अपने समय में छूआछूत के विरोद्ध में मोरचा खोला हुआ था। आज बिहार के आयों समाजों को चाहिये कि इस कार्य के विरूद्ध आवाज उठाये।

अभी हाल में जब मोदी सरकार ने शपथ ली तो कुछ आर्य समाजियों ने रोश प्रगट किया कि मोदी ने आर्य समाज के सन्यासियों को नहीं बुलाया। अरे भाई बुलाये तो तब जब तुम कुछ करो। आज हवन, भजन सन्धयां, संस्कृत प्रचार, और अभिन्दनों के सिवा हम करते ही कुछ नहीं हैं तो आर्य समाज को सुनेगा कोन। सारे समाज को हिला देने वाली जघन्य वार्ताओं की भी आर्य समाज में एक मिन्ट के लिये चर्चा नहीं होती। जो संस्था समाज से ही अलग है उसकी उन्नती सम्भव नहीं। हां हुछ लोगों का धन्धा चलता रहेगा।

******

शिव रूप में उन्हें दण्ड़ दे कर; मार्ग दर्शन कर उनका कल्याण करते हैं। बहुश्रुत कथन है ''गुरुः ब्रह्मा गुरुः वि"णुः गुरुः देवो महश्वेरः''। सम्भवतः विधायिका; कार्यपलिका; न्यायपालिका तथा नारद जी की व्याख्या भी इसी आधार पर की जा सकती है?

वर्तमान में नारी–सुरक्षा और ''मनुस्मृति'' पर भ्रम की स्थिति है अतः इस पर विचार–विमर्श उपयुक्त रहेगा। ''आत्मानम् आत्मना याः तु रक्षेयुः ता सुरक्षिताः'' मनुस्मृति–9. 12। अर्थात् जो स्त्री अपनी रक्षा स्वयं कर सकती है; वह सदा सुरक्षित रहती है। स्वावलम्बी; बुद्धिमान; और आत्मविश्वास से सम्पन्न नारी अपनी रक्षा करने में सदा समर्थ रहती हैं।

मनुस्मृति को सामान्यतया धर्मग्रन्थ माना जाता है। लेकिन यह विधि (कानून) का ग्रन्थ है। वास्तव में धर्म और कानून का घनि"ट संम्बन्ध है। इसमें धर्म के नाम पर कहीं भी पूजा–पाठ या देवी–देवताओं का पूजन नहीं है। लेकिन उस समय की सामाजिक और नैतिक व्यवस्था को बनाये रखने के लिये विस्तृत वर्णन है; जो तात्कालिक परिस्थितियों में आवश्यक रहे होगे। राजा और प्रजा के हर वर्ग के कर्तव्यों का विस्तृत वर्णन है और दण्डविधान बताया गया है। बहुत छोटे कर्मो का भी दण्ड निधान का वर्णन है जैंसे जल स्रोतों को तोड़ना; अन्न भण्डार; अस्त्र–शस्त्र गृह अथवा देवालयों को भंग करना, राज मार्ग पर कूड़ फेंकना; मनु"य या पशु चिकित्साकों द्वारा उचित ढंग से कार्य न करना; व्यापारी वर्ग द्वारा मूल्य से अधिक मूल्य या निम्नस्तर की वस्तु देना इत्यादि। विस्तृत विवरण के लिये ग्रन्थ देखें। मनुस्मृति में धर्म का अर्थ करणीय कर्म बता गया है अर्थात् व्यक्ति की जीवन शैली, कियाकलाप ऐसे होने चाहिये जिससे व्यक्ति; परिवार; समाज और देश में व्यवस्था बनी रहे और उन्नति सुनिश्चित हो। वर्तमान संविधान की तरह यह भी उस काल का संविधान–ग्रन्थ था। लेकिन समयानुसार इसमें संशोधन/परिवर्तन नहीं हो पाये। जिसके कारण वर्तमान में इसके अनेक कथन इतने अप्रासांगिक हो गये हैं कि लोग तीब्र–कटु प्रतिकिया व्यक्त करते हैं।

प्रधान आर्य समाज, सोलन ,हि0प्र0 01792–223465

An NRI is not a foreigner

Bhartendu Sood

THE recent incident related to a village school near Lucknow, which temporarily admitted a fluent English-speaking student from a public school to impress the visiting former US President Bill Clinton about its standard of education, once again reinforces the view that when it comes to foxing others, we are the past masters and if the person at the other end happens to be a foreigner, then immediately we switch over to the top gear as this anecdote will reveal.

Sometime back, three of my friends from Sri Lanka visited the Taj in Agra. Standing in a queue in front of the ticket counter meant for foreigners, they were approached by a gentleman. "Sir, we value your time and have a special arrangement for you". And soon he got them three tickets by taking Rs 2,250 (For a foreign visitor the entry charges are Rs 750 each). They were happy and thanked him profusely. Back in the hotel as they casually looked at the tickets, they were shocked to find that the printed value on the ticket was Rs 20. He had managed their entry with the tickets meant for Indians.

But when you try this on an NRI, chances are that he beats you at your own game as another incident narrated by my friend in Dasua suggests.

An NRI Sardarji had come to his village after three years. Naturally most of the appliances in his palatial house, which was locked during this period, had become non-functional. Finding our sweltering heat intolerable, first he looked for an AC mechanic. The one whose nick name was Kala did the repairs and demanded Rs 800. Sardarji instantly gave him a Rs 1,000 note. A bit surprised that Sardarji didn't indulge in haggling, though his labour charges already had that provision, he hurriedly took out Rs 200 to refund him. Sardarji pompously patted his back and said: "Kala, keep it .This is a small tip. Yes, if you don't mind send an electrician." Within minutes Kala was there with one. When the job was over, Kala quietly relieved the electrician. Having already tasted Sardarji's generosity, Kala demanded double the amount which he was paid without any fuss. Now, Kala would take care of Sardarji's all needs, from repairs to the supply of daily needs. But what was really astonishing was that despite Kala's unfettered greed, Sardarji's remained munificent.

Now the time had come for Sardarji to return. Busy in normal tête-à-tête with Kala, he made an overture, "Kale, I've found you very enterprising. You can earn at least 10 times the money you earn here if you migrate to Italy." It sent Kala on the seventh heaven. Betraying his emotions, he muttered: "Sardarji, I was already thinking of making this request to you. Indeed, God is very kind to me". Sardarji paused and said, "Look, the Italian government takes around 5,000 Indians every year for agriculture work. I can forward your name but one has to pay around Rs I lakh to middle men. Since you served me so well I will pay Rs 50,000 from my pocket but the balance Rs 50,000 you will have to arrange."

The next day Kala was at Sardarji's feet with a bag of Rs 50,000 and both separated happily. Three months had passed but there was no news. Worried and anxious, at last Kala called Sardarji. "Kale, sorry. This time you were not lucky. But, next time I will ensure that you are selected but please send at least one lakh as the rates have gone up" was the reply.

Kala had understood that any NRI was an Indian before he became an NRI. Therefore, one should never do the mistake of trating NRI like a foreigner.

निष्काम सेवा का एक सुन्दर उदाहरण

''मुझ बहुत सुख का आभास होता है जब भी मुझे ऐसा लगे कि किसी गरीब और जरूरतमन्द के मैं काम आ सका हूं। मुझे एक दम बहुत शक्ति का आभास होता है'' यह शब्द हैं 83 of"k; सेवानिवृत मेजर जरनल मुल्कजीत कंदाल के जो कि पिछले 40 व"ों से समाज सेवा में लगे हैं और साथ ही होमियोपैथिी द्वारा गरीबों का उपचार भी करते है। खास बात यह है कि गरीबों की सेवा का जनून इन में इस कदर भरा था कि मेजर जरनल होने के बावजूद भी इन्होने सेना से समय से पहले ही रिटायरमैंट ले ली।

उन्हानें गरीवों तक पहुंचने के लिये चलता फिरता अस्पताल अपनी मोवाईल वैन पर बना रखा है और दूर गांवों में लोंगों के घर जा कर उनका चैक अप करते हैं। यह सवेरे नो बजे घर से निकल जाते हैं, चार दिन तो दूर गांवों में लोंगों के घर जा कर उनका चैक अप करते हैं और बाकी तीन दिन अलग –अलग जगह कलीनिक में ही रोगियों को देखते हैं। उनका कहना है कि चाहे वह परिवार के लिये समय नहीं दे पाते पर उनक परिवार वालों को कोई शिकायत नहीं। वे पूरा सहयोग देते हैं।

ldke de (activity where self interest is involved) केवल वैभव सम्पन्न बना सकता है, परन्तु चिरस्थायी यश और नाम नहीं मिलता। ijUrq fu"dke Selfless कर्म ऐसा आलौकिक आनन्द देने वाले होते हैं जो वाणी व्यक्त नहीं कर सकती, केवल अनुभव ही किया जा सकता है। जब की सकाम कर्म फलानुसार बंधन के कारण बनते हैं, क्योंकि उनसे प्राप्त सुखों व दुखों से मनुष्य बन्ध जाता है, परन्तु fu"dke Selfless कर्म बन्धन का कारण नहीं होते। इस सेसार में सदा से ही अच्छे और बुरे व्यक्ति हुयें हैं। इन्ही अच्छे लोगों में निष्काम सेवी सब से उपर हैं। बहुत ज्ञानी और विद्वान भी बिना सेवा की भावना के उन से बहुत नीचे हैं।

कहते हैं कि गुरू गोबिन्द सिंह के समय में सिक्खों द्वारा लड़े जा रहे एक युद्ध में एक बार कुछ सिक्ख योधा गुरू गोबिन्द सिंह के पास आकर बोले––एक बिश्ती जिसका नाम धनैया है हमारे शत्रुओं को भी पानी पिला रहा है। गुरू गोबिन्द सिंह जी ने धनैया को बुलाया तो उस ने इस बात को स्वीकार किया और बोला––महराज लड़ाई के मैदान में जब मैं किसी जख्मी को देखता हूं तो मुझे वह सिक्ख या मुगल नहीं लगता क्योंकि हर जख्मी में मुझे गुरू का चेहरा ही नज़र आता है। गुरू गोबिन्द सिंह अन्दर गये व अपने साथ बहुत सारी दवाईया, मरहम, पटिटयां ला कर घनईया को देते हुये बोले––आगे से जब तुम जख्मियों को पानी पिलाओं तो मरहम पटटी भी कर दिया करो।

इसी तरह जब मह"ाी दयानन्द सरस्वती की मृत्यु के पश्चात उनके अनुयाईयों ने अज्ञान का अन्धकार दूर कर देश में शिक्षा के प्रसार का कदम उठाया तो प्रश्न उठा साधन कहां से आयेंगे। महात्मा हंसराज जो कि उस समय के B.A. थे व सरकार में किसी भी उंचे ओहदे पर लग सकते थे, आगे आये व बोले मैं बिना वेतन लिये स्कूल के हैडमास्टर का काम करूगां व उन्होने 25 वर्ष बिना कोई वेतन लिये पहले स्कूल व बाद में कोलेज़ के principal dk dk; fd;kA ;gh ugh viuk ckdh thou Hkh fu"dke lsok esa gh yxk;kA

xhrk esa Hkh Hkxoku d".k us fu"dke de dks lc ls mre crk;k gS vkSj fu"dke de dks gh efDr dk lk/ku ork;k gSA

Publisher & Printer Bhartendu Sood **Printed at** Umang Printer, Plot No. 26/3, Ind. Area, Phase-II, Chd. 9815628590
Owner Bhartendu Sood **Place of Publication** # 231, Sector 45-A, Chandigarh 160047
Phone : 0172-2662870 (M) 9217970381 Name of Editor : Bhartendu Sood

कोई भी अच्छी बात मन्त्र द्वारा संस्कृत में बोलें या किसी दूसरी भा"ाा में बोले, बात एक ही है

वैसे मैं बता दूं कि मन्त्र बोलने में और इंगलिश में कविता बोलने में कोई फर्क नहीं। फर्क तो आप के नज़रिये ने बना दिया है। मन्त्र बोलने वाला गुरूकुल में संस्कृत पढ़ा इसलिये मन्त्र पटाक से बोलता है जब कि आप का बच्चा अंग्रेजी स्कूल में पढता है इसलिये पटाक से इंगलिश में कविता बोलता है । गुरूकुल वाले को ज्ञानी मानकर आप आदर देना शुरू कर देते है वच्चे की कविता को चाहे उस में कितनी अच्छी बात क्यों न हां कोई ध्यान नही देता। जब कि देखने वाली चीज यह नहीं कि वह संस्कृत में मन्त्र बोल रहा है, देखने वाली बात है कि क्या ज्ञानी होने के अलावा उस के जीवन में तप, त्याग और आचरण है,। जैसे अच्छी बातें संस्कृत सहित्य में हैं वैसे ही nlj h Hkk"kkvk e: Hkh g:A

मुझे याद आती है आज से 50 व"ाॅ पहले बनी पिकचर 'गाईड' की। इस में हालात ऐसे बनते हैं कि एक गांव वाले, देवानंद को, जो की हीरो था, धर्म गुरू मानना श्शुरू कर देते हैं जब कि वह Li"V बताता है कि वह तो जेल काटा अपराधी है। खैर यह हिन्दुसतान है यहां अन्धविश्वास ही हमारे जीवन को खींच रहा है। यही हाल उस गांव के लोगों का था वे देवानंद की बात सुनने को कहां तैयार थे उनके लिये तो वह नया भगवान था। उसकी पूजा होने लगी।

इस से स्वभाविक तौर पर जो पण्डित वहां पहले से थे उनको बहुत फर्क पड़ा। उनका धंधा चौपट हो गया और दक्षिणा आनी भी बन्द हो गई। उन्होने योजनाबध तरीके से देवानंद को अपमानित करने की योजना बनाई।

एक दिन जब गांव के लोग सभा कर रहे थे तो वे दोनो पण्डित आये और लोगों से बोले कि आज फैसला हो जायेगा कि यह पण्डित है कि नहीं। उन्होने देवानन्द के सामने एक संस्कृत का मन्त्र बोला और कहा कि उसका अर्थ कर के बताये। देवानंद को तो संस्कृत आती नहीं थी, पर था हुशियार, उसने फटाक से अंग्रेजी की दो लाईने बोली और कहा इसका अर्थ करके बताओ। पडित हैरान परेशान, उनको अंग्रेजी कहां आती थी, और वे वहां से भागते बने बात यह है कि हम यह क्यों माने कि संस्कृत जानने वाला ही पण्डित ज्ञानी है। किसी भी भाषा का व्यक्ति ज्ञानी पण्डित और महात्मा हो सकता है अगर उसमें ज्ञान, तप,त्याग और आचरण है। आज होता क्या है, श्शादी हो या फिर कोई दूसरा संस्कार, पण्डित अपनी टूटी फूटी, ठीक गलत संस्कृत में मन्त्र बोलता रहता है, उसको पता होता है कि किसीको कुछ समझ नहीं आता। हम सोचते है कि ईश्वर को हमारा संदेश जा रहा है। जो आपको समझ ही नहीं आया वह ईश्वर कैसे समझ जायेगा। ईश्वर तो भावना समझता है , भा"ाा नहीं। मजे की बात यह है कि जिन का संस्कार हो रहा होता है, उन्ही को कुछ समझ नहीं आता। अच्छा होगा हम इस अन्धविश्वास से बाहिर आयें। संस्कार और ईश्वर भक्ति उसी भाशा में करें जो आपको व आपके बच्चें को समझ आये। यही एक मुख्य कारण है कि आज हमारे आर्य समाजीयों के बच्चे, बड़े होकर दूसरे मतों में चले जाते है। क्योकि हम उनके सामने हवन करते रहते हैं मन्त्र बोलते रहते हैं जो उन को समझ नहीं आते। वे आसान रास्ता ढूंढ लेते हैं।

ये आचार्य वेदालंकार तो बोलेंगे ही कि संस्कृत में संस्कार होना चाहिये और हवन होना आवश्यक हैं क्योंकि इनका तो धंधा कमाइ का साधन है। समझना तो हमें हैं। तर्क के साथ जो बात का निर्णय करता है वही आर्य समाजी है।

vxj vkidk dN dguk g ;k if=dk subscribe djuh g
dl;k fuEu address ij lEid dj
Hkkjr Un ln] 231 lDVj& 45-A, p.MhxM-160047
0172-2662870] 9217970381] E mail : bhartsood@yahoo.co.in

पत्रिका में दिये गये विचारो के लिए लेखक स्वयं जिम्मेवार है। लेखको के टेलीफोन न. दिए गए है न्यायिक मामलो के लिए चण्डीगढ़ के न्यायलय मानय है।

रजि. नं. : 4262/12

।। ओ३म् ।।

फोन : 94170-44481, 95010-84671

महर्षि दयानन्द बाल आश्रम

मुख्य कार्यालय -1781, फेज़ 3बी-2, सैक्टर-60, मोहाली, चंडीगड़ - 160059
शाखा कार्यालय - 681, सैक्टर-4, नज़दीक गुरुद्वारा, मुंडीखरड़-मोहाली
आर्य समाज मंदिर, चंडीगढ़ व पंचकुला
E-mail : dayanandashram@yahoo.com, Website : www.dayanandbalashram.org

महिला वृद् आश्रम के कमरे बनाने का काम शुरू होने जा रहा है। जो भी सज्जन अपने माता/पिता या किसी अन्य व्यक्ति की समृति कमरा बनाना चाहता हो तो कृपया करके संपर्क करें।

धार्मिक माता/पिता 2100 प्रति माह
धार्मिक बहन/भाई 1500 प्रति माह
धार्मिक बन्धु 1000 प्रति माह
धार्मिक सखा 500 प्रति माह
धार्मिक सहयोगी 100 प्रति माह
धार्मिक साथी 50 प्रति माह

आप आर्थिक सहयोग देकर भी पुण्य के भागी बन सकते है :-

A/c No. : 32434144307
Bank : SBI
IFSC Code : SBIN0001828

योगिंदर पाल कौड़ा, **नरेन्द्र गुप्ता** **लेखराम** (+91 7589219746)

स्वर्गीय
श्रीमती शारदा देवी
सूद

fuek.kZ ds 63 o"kZ

गैस ऐसीडिटी
शिमला का मशहूर
कामधेनु जल

(एक अनोखी आर्युवैदिक दवाई मुख्य स्थान जहां उपलब्ध है)

स्वर्गीय
डॉ0 भूपेन्दर नाथ गुप्त
सूद

Chandigarh-2691964, 5076448, 2615360, 2700987, 2708497, Manimajra-2739682, Panchkula 2580109, 2579090, 2571016, Mohali-2273123, 2212409, 2232276, Zirakpur-295108, Shimla- 2655644, Delhi-23344469, 27325636, 47041705, 27381489,Yamunanagar-232063, Dehradoon-2712022, Bhopal-2550773, 9425302317, Jaipur-2318554, Raipur-9425507000, Lucknow-2683019, Ranchi-09431941764, Guwhati-09864785009, 2634006, Meerut- 8923638010, Bikaner-2521148, Batala-240903, Gwaliyar-2332483, Surat-2490151, Jammu-2542205m, Gajiabad-2834062, Noida-2527981, Nagpur-9422108322, Ludhiana-2741889, 9915312526, Amritsar-2558543, Jallandhar-2227877, Ambala Cantt-4002178, Panipat-4006838, Agra-0941239552, Patiala-2360925, Bhatinda-2255790

Medicine is available in other places also, Please contact us to know the name of the shop/dealer.

शारदा फारमासियुटिकलज मकान 231ए सैक्टर 45–ए चण्डीगढ़ 160047

0172-2662870, 92179 70381, E-mail : bhartsood@yahoo.co.in

M/S AMMONIA SUPPLY COMPANY

(An ISO 9001-2008 Certified Company)

Joins " VEDIC THOUGHTS" in its noble Pursuit of spreading 'Moral Values

वेदों का ज्ञान कैसे और कहां से

आप नमक की बोरी कहीं रखिये। एक भी चींटी कभी उसके पास नहीं आती परन्तु कटोरी में थोड़ी खाण्ड कहीं रख दो, एक के पीछे दूसरी और दूसरी के पीछे तीसरी सब चींटियां पंक्तिबद्ध खाण्ड के पास पहंच जाती हं। आदमी नमक और खाण्ड को चख कर ही पता लगाता है कि यह क्या है परन्तु, अनपढ़ चींटियों चखने की आवश्यकता नहीं होती। उनको ईश्वर की कृपा से स्वभाविक ज्ञान होता है कि यह नमक है और यह खाण्ड है।

सब प्राणियों को जीवन के निर्वाह के लिए जन्म लेते ही ही सर्वव्यापक पभु आवश्यक ज्ञान देता है। मधुमक्खी को मधु बनाना उसी ने सिखाया है। बया पक्षी को सुन्दर धोंसला, जिसको देख कर euq"; Hkh दंग रह जाता है वह ईश्वर ही सिखाता है। blh तरह मनु"य अपना जीवन कैसे जीये, यह ज्ञान भी ईश्वर ने सृ"टि के आदि में ऋf"k;ks }kjk osnks ds :Ik esa euq"; dks fn;kA

SUPPLIERS OF ANHYDROUS AMMONIA AND LIQUOR AMMONIA

D-4 Industrial Focal Point, Derabassi, District (Mohali) Punjab
Contact:- Rakesh Bhargav, Branch Manager 093161-34239, 01762-652465
Fax 01762-282894. Email- asco.db@ascoindia.com & ascodb@gmail.com

RNI NO. CHABIL/2012/47744 POSTAL REGN. NO. G/CHD/0154/2013-2015

मजबूती में बे–मिसाल

घर का निर्माण डीप्लास्ट के साथ

40 years
in service

DIPLAST

PLASTICS LIMITED

AN ISO 9001 COMPANY

C-36, Industrial Phase 2, S.A.S. Nagar, Mohali (Pb.) India
Phone : +91-172-2272942, 5098187, Fax : +91-172-2225224
E-mail : diplastplastic@yahoo.com, Web : www.diplast.com

QUALITY IS OUR STRENGTH

विज्ञापन / Advertisement

यह पत्रिका शिक्षित वर्ग के पास जाती है आप उपयुक्त वर–वधु की तलाश, प्रियजनों को श्रद्धा सुमन, अपने व्यापार को आगे ले जाने के लिये शुभ–अशुभ सूचना विज्ञापन द्वारा दे सकते है।

Half Page Rs. 250/- Full Page Rs. 500/- 75 words Rs. 100

Contact : Bhartendu Sood 231, Sector 45-A, Chandigarh
9217970381 and 0172-2662870